# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 106 /07 /प्रशा0/MSU/2024–25 दिनांक : 16-04-24

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
    समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
02. समन्वयक शैक्षणिक
    विश्वविद्यालय परिसर

विषयः मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक : 30.03.2024 को स्टेट स्वीप कोर कमेटी की आयोजित बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी, मतदान कार्मिक, सहारनपुर के संलग्न पत्र संख्या–46/एस0टी0/लो0स0सा0नि0–2024, दिनांक : 15 अप्रैल, 2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक : 30.03.2024 को स्टेट स्वीप कोर कमेटी की आयोजित बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित किया गया है साथ ही उक्त कार्यवृत्त में अंकित बिन्दुओं में से सम्बन्धित बिन्दुओं का गहनतापूर्वक अध्ययन कर दिये गये निर्देशों का नियमानुसार कड़ाई से अनुपालन कराने की अपेक्षा की गई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न कार्यवृत्त में अंकित बिन्दुओं में से सम्बन्धित बिन्दुओं का गहनतापूर्वक अध्ययन कर दिये गये निर्देशों का नियमानुसार कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,
16-4-24
(कमल कृष्ण)
उपकुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. जिलाधिकारी, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली।
03. मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी, मतदान कार्मिक, सहारनपुर।
04. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

उपकुलसचिव

महत्वपूर्ण / निर्वाचन / समयबद्ध।

कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी / प्रभारी अधिकारी, मतदान कार्मिक,सहारनपुर।

पत्रांक 46 / एस0टी0 / लो0स0सा0नि0–2024 दिनांक 15 अप्रैल 2024

01–अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सहारनपुर।
02–मुख्य चिकित्साधिकारी, सहारनपुर।
03–जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर।
04–जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, सहारनपुर।
05–अधिशासी अभियन्ता, आवास विकास परिषद, सहारनपुर।
06–क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सहारनपुर।
07–एडिशनल कमिश्नर, ग्रेड–1, सहारनपुर।
08–जिला क्रीड़ा अधिकारी, सहारनपुर।
09–जिला दिव्यांगजन कल्याण सशक्तीकरण अधिकारी, सहारनपुर।
10–जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, सहारनपुर।
11–उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, सहारनपुर।
12–जिला पूर्ति अधिकारी, सहारनपुर।
13–रजिस्ट्रार, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय पुवांरका, सहारनपुर।
14–सहायक सम्भागीय अधिकारी, सहारनपुर।
15–स्टेशन अधीक्षक, उत्तर रेलवे, सहारनपुर।

विषयः– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 30–03–2024 को स्टेट स्वीप कोर कमेटी की आयोजित बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के ई–मेल के माध्यम से प्राप्त पत्रांक सी–106 / दि0ज0स0वि0 / निर्वाचन / 2024–25 दिनांक 05 अप्रैल, 2024 का अवलोकन करें (फोटोप्रति संलग्न), जिसके द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 30–03–2024 को स्टेट स्वीप कोर कमेटी की आयोजित बैठक का कार्यवृत्त उपलब्ध कराया गया है। उक्त कार्यवृत्त में दिव्यांगजन को सक्षम ऐप डाउनलोड करवाने, इलेक्टोरल रोल डाटाबेस में स्वयं को दर्शाने, साइन लैंग्वेज, 12 डी फार्म के संबंध में दिव्यांगजन को जानकारी प्रदान करने तथा लगातार जागरूक किये जाने की अपेक्षा करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा की गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के उपरोक्त पत्र दिनांक 05 अप्रैल, 2024 के साथ संलग्न मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 30–03–2024 को स्टेट स्वीप कोर कमेटी की आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की फोटोप्रति संलग्न कर इस आशय से आपको प्रेषित की जा रही है कि कार्यवृत्त में अंकित बिन्दुओं में से अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित बिन्दुओं का गहनतापूर्वक अध्ययन कर दिये गये निर्देशों का नियमानुसार कड़ाई से अनुपालन करना / कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–यथोक्त।

(सुमित राजेश महाजन),
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी / प्रभारी अधिकारी,
मतदान / मतगणना कार्मिक,
सहारनपुर।

**प्रतिलिपि**– जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के उपरोक्त पत्र दिनांक 05 अप्रैल 2024 के साथ संलग्न मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 30–03–2024 को स्टेट स्वीप कोर कमेटी की आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की फोटोप्रति संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आप भी इस संबंध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें –

1–नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम, सहारनपुर।

2–प्रवर अधीक्षक, मुख्य डाकघर, सहारनपुर।

3–अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) / उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

4–सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सहारनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी / प्रभारी सहनोडल अधिकारी (स्वीप) सहारनपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि संलग्न कार्यवृत्त का अध्ययन करते हुए समस्त सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी / प्रभारी अधिकारी,
मतदान / मतगणना कार्मिक
सहारनपुर।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक–30.03.2024 स्टेट स्वीप कोर कमेटी की को आयोजित बैठक का**

**कार्यवृत्त**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत दिनांक–30.03.2024 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत है –

1– श्री नवदीप रिणवा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0

2– श्रीमती निधि श्रीवास्तव, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0

3– श्री आलोक कुमार, विशेष कार्याधिकारी

4– श्री टी0 पी0 गुप्ता, सांख्यिकीय अधिकारी

5– श्री अजीत सिंह, महा प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लि0

6– श्री सुशील कुमार तिवारी, चीफ पोस्टमास्टर, डाक विभाग

7– श्री कल्याण बनर्जी, संयुक्त सचिव, नगर विकास विभाग

8– श्री अमरेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त, नोडल, जी0 एस0 टी0 विभाग

9– श्री अंजनी कुमार अग्रवाल, अपर आयुक्त, जी0 एस0 टी0 विभाग

10– श्री वी0के0 शर्मा, चीफ वेलफेयर इन्स्पेक्टर, उत्तर रेलवे, लखनऊ

11– श्री एस0के0 त्रिपाठी, उप महाप्रबन्धक(योजना एवं समन्वय)आई0ओ0सी0एल0, लखनऊ

12– श्री मानिक दिस्वा, महाप्रबन्धक (एल0पी0जी0) आई0ओ0सी0एल0, लखनऊ

13– श्री जी0पी0 राय, अपर आयुक्त (खाद्य)

14– श्री ए0के0 मिश्रा, ए0जी0एम0, पी0एन0बी0

15– मो0 सरफराज, समीक्षा अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग

16– मो0 जाहिद अली, उप महाप्रबन्धक (रि0) भारत पेट्रोलियम, लखनऊ

17– श्री संजय कुमार सिंह, उप निदेशक , युवा कल्याण विभाग

18– श्री देवी शंकर शुक्ल, संयुक्त सचिव, उ0प्र0 खाद्य एवं रसद विभाग

19– श्री सतीश भारती, सहा0 निदेशक, सूचना विभाग

20– डा0 अमित कु0 राय, उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग

21– श्री अजय कुमार द्विवेदी, सहायक निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग

22– श्री शैलेन्द्र कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) खेल निदेशालय, उ0प्र0

23– श्री एस0के0 अवस्थी,इन्चार्ज (बी0एन0पी0एल0), जी0पी0ओ0, डाक विभाग

24– श्री ब्रजेश कुमार यादव, वरिष्ठ प्रबन्धक, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम

25– श्री राकेश सरोज, महाप्रबन्धक(रिटेल सेल) आई0ओ0सी0एल0

26– श्री रवीन्द्र कुमार, जे0एस0ओ0, सीविल डिफेन्स

27– श्री धीरज साहू, डी0जी0एम0 मार्केटिंग, एल0पी0जी0

28– श्री राजेश कुमार, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक, इण्डियन बैंक

29– श्री विष्णु मोहन, संयुक्त प्रबन्धक, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक

30– श्री राजीव चतुर्वेदी, सहा0 निदेशक (समाचार), दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ

31– डा0 शिप्रा पाण्डे, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग

32-- श्री कामाख्या नारायन, सहायक निदेशक, संस्थागत वित्त
33-- श्री बृजेश कुमार गुप्ता, एस०एल०बी०सी०, (उ०प्र०)
34-- श्री सुमित सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक, बैंक आफ बड़ौदा
35-- श्री पुष्पेन्द्र, मुख्य प्रबन्धक, एस०बी०आई०
36-- श्री मनीष बंसल, असिस्टेन्ट गवर्नर, रोटरी क्लब
37-- श्री हिमांशु कुमार गुप्ता, उपायुक्त, उ०प्र० आवास विकास

सर्वप्रथम मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय के अभिवादन के साथ बैठक प्रारम्भ की गयी।

बैठक में आम चुनाव 2024 के संबंध में मतदाताओं का सामान्य विवरण बताया गया जिसके अनुसार प्रदेश में कुल 15.37 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 8.18 करोड़ पुरूष, 7.18 करोड़ महिला, 6592 ट्रांसजेण्डर, 12.57 लाख दिव्यांग, 10.38 लाख 85 वर्ष से अधिक, 20,679 सौ वर्ष से अधिक तथा 22.61 लाख 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता तथा 2,97,632 सेवा मतदाता हैं। प्रतिभागियों को प्रदेश में होने वाले आम चुनाव के सात चरणों की तिथि के विषय में बताया गया। चरण वार मतदान की तिथियां निम्न हैं:–

| | |
|---|---|
| प्रथम चरण | – 19.04.2024 |
| द्वितीय चरण | – 26.04.2024 |
| तृतीय चरण | – 07.05.2024 |
| चतुर्थ चरण | – 13.05.2024 |
| पंचम चरण | – 20.05.2024 |
| षष्ठम चरण | – 25.05.2024 |
| सप्तम चरण | – 01.06.2024 |

विगत बैठक दिनांक 14.03.2024 में की गयी अपेक्षा एवं दिनांक 16.03.2024 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा व्हाट्सऐप ग्रुप एवं गूगल ड्राइव के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी उपलब्ध करायी गयी आडियो क्लिप, ग्राफिक्स, क्रिएटिव्स आदि के संबंध में प्रतिभागियों का ध्यान आकृष्ट किया गया।

(Google Drive link- https: // drive.google.com / drive / folders / 1I1LN_wWD9R4S6NZdNDyps BgkGH-Cb5vP?usp=sharing)

तदुपरान्त भारत निर्वाचन आयोग के साथ MOUs में शामिल विभागों से पी0पी0टी0 के द्वारा अद्यतन कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करने के साथ अन्य विभागों से भी जानकारी प्राप्त की गई, जिसका विभागवार विवरण एवं प्रदत्त निर्देश निम्नवत हैं:–

- माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदत्त निर्देश के क्रम में वर्कशाप का आयोजन, 2024–25 सत्र में पाठ्यक्रम सामग्री विकसित करने का कार्य प्रक्रिया में है। प्रदेश में अब तक सृजित मतदाता साक्षरता क्लब की कुल संख्या 1248 है। कुल लगभग 04 लाख पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 3,72,787 छात्रों को वितरित किये गये संकल्प पत्रों में से 2,08,283 संकल्प पत्र वापस प्राप्त हुए।

  विभाग से निम्न अपेक्षा की गयी है–

  - मतदाता साक्षरता क्लब क्रियाशील किये जाने एवं 01 अप्रैल से 2024–25 सत्र में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को जागरूकता संबंधी क्विज, आयोजित कराया जाय। इसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता साक्षरता क्लब हेतु प्रेषित मतदाता जागरूता विषयक FAQs की मदद ली जाय।
  - 2024–25 सत्र में मतदाता जागरूता सम्बन्धी पाठ्यक्रम सामग्री प्राथमिकता पर विकसित कराया जाय।
  - उक्त पाठ्यक्रम सामग्री विकसित करने प्रक्रिया स्पष्ट की जाय।
  - भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित किये गये समस्त ऐप(यथा–सी–विजिल, सक्षम, वोटर हेल्प लाइन इत्यादि) का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय।
  - शत–प्रतिशत छात्र/छात्राओं में संकल्प पत्र वितरित कराया जाय और उसकी पावती की सूचना प्रेषित किया जाय।

- उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी अनुपस्थित थे। उनके स्थान पर उपस्थित श्री मो0 सरफराज, समीक्षा अधिकारी,उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में मतदाता साक्षरता क्लब की कुल संख्या 2545 है, जिसमें कैम्पस अम्बैस्डर्स की कुल संख्या 26,488 है।
- राज्य संपर्क अधिकारी एन0एस0एस0 बैठक में अनुपस्थित रहीं, जिससे उनके स्तर से कृत कार्यवाही की जानकारी नहीं हो सकी।
- इण्डियन बैंक एसोशिएशन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में कुल 30 बैंक (Public+Private+RRBs) हैं, जिनके द्वारा QR code चस्पा करने, पोस्टर लगाने का कार्य पूरा किया गया।
    - QR code किससे संबंधित हैं ?, का उल्लेख करने की अपेक्षा की गयी है।
    - एस0एल0बी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर, बैनर,वेबसाइट पर जागरूकता सम्बन्धी सामग्री प्रदर्शन का कार्य किया जा रहा है।
    - बैंकों द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित निर्देशों के क्रम में दिनांक 22.12.2023 से मतदाता जागरूकता प्रचार–प्रसार का कार्य किया जा रहा है।
    - एस0एल0बी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि एल0ई0डी0 डिस्प्ले पर वीडियो का संचालन केन्द्रीकृत तरीके से होता है।अतः उक्त हेतु अलग से निर्देशित किये जाने का अनुरोध किया गया है।
- डाक विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 73 जनपदों मे एल0ई0डी0 डिस्प्ले तथा लगभग 25000 पोस्ट आफिस के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। विभाग की वेबसाइट पर भी प्रचार सामग्री प्रदर्शित की जा रही है। डाक विभाग द्वारा प्रदेश में

दिनांक 28.03.2024 तक कुल 4,11,978 Cancellation Stamp पर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' Stamping की जा चुकी है।

- 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' नाम से Cancellation Stamp की दृश्यता/स्पष्टता बढ़ाने तथा विश्व विरासत दिवस "16 अप्रैल" पर मतदाता जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार किये जाने की अपेक्षा की गयी।

- खाद्य एवं रसद विभाग तथा Oil Marketing Companies द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में निम्नवत अवगत कराया गया:–

  1. खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 द्वारा लगभग 80,000 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के माध्यम से पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता सम्बन्धी प्रचार प्रसार का कार्य कराया जा रहा है।
  2. प्रदेश में पेट्रोल पम्प पर बैनर/ होर्डिंग लगाये हैं, जिसका विवरण निम्नवत है:–

     - आई0ओ0सी0 द्वारा उनको आवंटित लक्ष्य 800 के सापेक्ष 762 पेट्रोल पम्पों पर बैनर/होर्डिंग लगा दिये गये हैं।
     - एच0पी0सी0एल0 द्वारा उनको आवंटित लक्ष्य 250 के सापेक्ष 204 पेट्रोल पम्पों पर बैनर/होर्डिंग लगा दिये गये हैं।
     - बी0पी0सी0एल0 द्वारा उनको आवंटित लक्ष्य 250 के सापेक्ष 250 पेट्रोल पम्पों पर बैनर/होर्डिंग लगा दिये गये हैं।

- रेलवे विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में कुल 195 स्टेशन हैं,जिसमें 10 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पोस्टर, होर्डिंग एवं प्री रिकार्डेड संदेश तथा एल0ई0डी0 पर क्लिप दिखाये जाने के

साथ–साथ सभी स्टेशनों पर जागरूकता संबंधी प्रचार प्रसार हेतु उपलब्ध कराये गये क्रिएटिव्स का प्रयोग किया जा रहा हैं।

- विभाग से आने–जाने वाली ट्रेनों में भी एनाउंसमेन्ट किये जाने की अपेक्षा की गयी है।
- उक्त कार्यों पर होने वाले व्यय की अनुमति के लिए रेलवे द्वारा मार्गदर्शन मांगा गया। इसे भारत निर्वाचन आयोग से स्पष्ट कराये जाने की अपेक्षा की गयी।

- नगर विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में कुल 762 स्थानीय निकाय में हैं,जिसमें कूड़ा गाड़ी के द्वारा एनाउंसमेन्ट के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।
    - विभाग से गाड़ियों में बजने वाले गाने की स्पीड चेक करने एवं स्पष्ट धुन बजाये जाने की अपेक्षा की गयी है।
- आवास एवं शहरी विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि RWA तथा सहकारी आवास समितियों के माध्यम से बी0एल0ओ0 से समन्वय कर मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।
    - विभाग से RWA की सहभागिता में वृद्धि करते हुए बैठक कराकर मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार–प्रसार किये जाने की अपेक्षा की गयी है।
    - RWA द्वारा जागरूकता हेतु करायी गयी गतिविधियों का कैलेण्डर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।
- परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि बस स्टेशनों पर एनाउंसमेन्ट तथा वीडियो क्लिप चलाने एवं होर्डिंग–बैनर लगाने का काम किया जा रहा है।
    - विभाग से बसों के दोनों तरफ प्रचार–प्रसार हेतु सामग्री चस्पा किये जाने की अपेक्षा की गयी हैं।

- राज्य कर विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश में कुल 64 मल्टीप्लेक्स है। प्रत्येक सिनेमा हाल में प्रत्येक शो की शुरूआत तथा इण्टरवल में मतदाता जागरूकता संबंधी वीडियो फिल्म दिखायी जा रही है।
    - इसके अलावा प्रत्येक मॉल्स में पोस्टर लगाये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। गत चुनावों की तर्ज पर मतदान के उपरान्त मतदाताओं को खरीद पर कुछ प्रोत्साहन दिये जाने की अपेक्षा की गयी।
- खेल विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम में मतदाता जागरूकता के लिये परिसर के गेट के बाहर तथा अन्दर होर्डिंग्स तथा बैनर लगाये जा चुके हैं।
    - विभाग से स्टेडियम के अन्दर मैच की शुरूआत तथा समाप्ति/इण्टरवल में स्क्रीन पर मतदाता जागरूकता प्रचार कराये जाने एवं दर्शकों से ऐप के माध्यम से क्विज कराये जाने की अपेक्षा की गयी हैं।
    - प्रदेश के अन्य स्टेडियमों में भी प्रचार–प्रसार कराये जाने की अपेक्षा की गयी।
- दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक जनपद में कुल 50–100 व्हील चेयर की उपलब्धता है तथा दिव्यांगों के मतदान को बढ़ावा देने हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था करने तथा जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।
    - विभाग से दिव्यांगजनों को सक्षम ऐप डाउनलोड करवाने, इलेक्टोरल रोल डाटाबेस में स्वयं को दर्शाने, साइन लैंग्वेज़, 12D फार्म के संबंध में दिव्यांगों को जानकारी प्रदान करने तथा लगातार जागरूक किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

- युवा कल्याण एवं पी0आर0डी0 विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि मतदाता जागरूकता हेतु की गयी अपेक्षाओं का अनुपालन किया जा रहा है।
    - विभाग से मतदाता जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं को साथ न रखने तथा दोनों में अन्तर स्थापित करने की अपेक्षा की गयी है।
- रोटरी क्लब द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश में कुल 200 क्लब हैं तथा लखनऊ जोन में 85 क्लब हैं। उनके द्वारा स्वैच्छिक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु समय–समय पर आयोजित किये जाने वाले जागरूकता गति विधियों में शामिल होने की इच्छा की गयी है।
    - क्लब को जिला प्रशासन से जुड़कर भागीदारी किये जाने की अपेक्षा की गयी है।
- सिविल डिफेन्स द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश में कुल 15 शहरों में उनकी इकाईयां स्थापित हैं, जहां पर मतदाता जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार किया जायेगा।
    - सिविल डिफेन्स को क्रिएटिव्स का प्रयोग करने की अपेक्षा की गयी है।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से Prescription वाले पर्चे पर मतदाता जागरूकता संबंधी टैग लाइन लिखने एवं अन्य प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गयी है।
- बैठक में निम्न विभागों के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे–
    - नेहरू युवा केन्द्र
    - संस्कृति विभाग
    - चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट, लखनऊ
    - राज्य संपर्क अधिकारी,एन0एस0एस0
    - आकाशवाणी लखनऊ
    - भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश

- महिला कल्याण विभाग

**<u>मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा समस्त विभागों को निम्नवत निर्देश भी दिये गये हैं:-</u>**

- मतदाता जागरूकता हेतु की जाने वाली गतिविधियों को प्रमोट किया जाय।
- संचालित की जाने वाली फिल्मों का वीडियों शॉट बनाकर ग्रुप पर भेजा जाय।
- समस्त गतिविधियों का डाक्यूमेण्टेशन किया जाय, ताकि चुनाव उपरान्त संकलन करते हुए एक बुक तैयार की जा सके।
- निर्देशित किया गया कि केवल स्वीकृत क्रिएटिव्स का ही प्रयोग किया जाय।
- सभी 07 चरणों में मतदाता जागरूकता हेतु सतत प्रयास एवं उत्साह के साथ उत्तरदायित्व का निर्वाह किया जाय।
- समस्त विभागों से मतदाता जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं को साथ न रखने तथा दोनों में अन्तर स्थापित करने की अपेक्षा की गयी है।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

भवदीय,

(आलोक कुमार)
विशेष कार्याधिकारी

संख्या-586 (1)/सीईओ-6 तददिनांक-02-04-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0।

2- निजी सचिव, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी(एन0एस0), उ0प्र0।

3- समस्त सदस्यों को।

4- समस्त अधिकारी/अनुभाग कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0।

5- समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

(आलोक कुमार)
विशेष कार्याधिकारी